

फाइल फोटो

# मकर संक्रांति पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की रहेगी भीड़, जगह-जगह लगेंगे मेले

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** मकर संक्रांति पर स्नान पुण्य दान का विशेष महत्व हुआ करता है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में नर्मदा घाटों पर पहुंच कर स्नान पूजन अर्चन किया करते हैं। वहीं आज और कल बुडकी के मुहुर्त में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच कर स्नान कर पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रह्माण्ड घाट में नर्मदा नदी के पावन तट पर मकर संक्रांति से लगने वाले 15 दिवसीय मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। तथा तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिल्थारी करोंदी बारह ककरा घाटों पर मेलों का आयोजन होगा। पीपर पानी पान की पहाड़ी मृगन्नाथ धाम में भी मेले का आयोजन किया जाएगा। यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कुंड में स्नान कर पूजन अर्चन किया करते हैं। तथा मेले में भ्रमण कर आनंद लुप्त उठाते हैं। लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बहुत से घाटों पर उचित व्यवस्था ना होने के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी हुआ करती है। चूंकि नर्मदा के प्रत्येक घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समुचित व्यवस्थायें बनाये जाने की महती आवश्यकता है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह छत्तरपुर सिमरिया घाटों पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है।हर साल इन व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान तो आकृष्ट कराया जाता है लेकिन स्थानीय ग्राम पंचायतों को जवाबदारी सौंपकर अधिकारी अपनी जबाब दारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। और श्रद्धालु अव्यवस्थाओं के बीच परेशान होते हुए देखे सुने जाते हैं।

### ककरा घाट पर पड़ता है भारी दबाव

तेंदूखेड़ा से गाडरवारा जाने वाले सड़क मार्ग पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट जहां गाडरवारा तेंदूखेड़ा और रायसेन सागर जिले के श्रद्धालु बड़ी संख्या में अनुकूलता के हिसाब से पहुंचा करते हैं लेकिन ना तो इस घाट तक पहुंचने सुगम रास्ता है और ना ही प्रकाश की कोई उचित व्यवस्था है। यहां तक कि महिला पुरुषों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। घाटों पर बड़ी बड़ी दुकानें लग जाने से श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा हुआ करती है। यहां पर बाहनों का भारी दबाव होने की स्थिति में मुख्य सड़क मार्ग से लेकर नीचे तक जाम लगने की समस्या बनती है घंटों मशक्कत के बाद सड़क मार्ग सुचारू हो पाते हैं।मकर संक्रांति पर बृहद पर भंडारों का आयोजन हुआ करता है।

### भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

सबसे बड़ी समस्या इस सड़क मार्ग पर एन टी पी सी प्लांट से आ रही राख को लेकर भारी संख्या में कंटेनरों की आवाजाही इस मार्ग पर अबाध गति से चला करते हैं।आये दिन सड़क दुर्घटना में अनेकों लोग काल के गाल में समा भी चुके हैं। कुछ दिनों तक रफ्तार में लगाम लगने के बाद अब पुन: वही स्थिति बनीं हुई है लेकिन मकर संक्रांति के अवसर श्रद्धालु बड़ी संख्या में अपने अपने बाहनों से आवागमन करते हैं।भरने वाले मेलों का आनंद लाभ उठाते हैं।

सुरक्षा की दृष्टि से दो दिन तक इन कंटेनरों की आवाजाही पर रोक लगाये जाने की जरूरत है।

### जगह-जगह लगते हैं मेले


कलयुग में मोक्षदायिनी मां नर्मदा का पावन तटों पर दो दिन पूर्व से एक सप्ताह तक श्रद्धालु नर्मदा तटों पर लगने वाले मेले में अपनी अपनी दुकानें लगाया करते हैं। बाहर से आने वाले क्षेत्रों के ग्रामीण जन स्नान पूजन कर यहां रहकर भोजन प्रसाद भर्त बाटी बनाया करतें हैं और मेले में जरुरी रोजमर्रा की सामग्री को भी खरीदा करतें हैं।लेकिन घाटों पर गंदगी का आलन और उचित व्यवस्था ना होने के कारण उनका आस्था पर आघात पहुंचता है। इसलिए आवश्यक है कि इन घाटों पर समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें।

# ई-सिम के जरिए पत्रकार के खाते से 1 .50 लाख पार

**नवभारत/ साईंखेड़ा।** आज के आधुनिक और सोशल मीडिया के दौर में साइबर अपराधी आम लोगों की मेहनत की कमाई पर गिद्ध की तरह नजर गड़ाए हुए हैं। तकनीकी जानकारी और सावधानी की कमी का फायदा उठाकर ये अपराधी पल भर में बैंक खाते खाली कर रहे हैं। ताजा मामला साईंखेड़ा का है, जहाँ वरिष्ठ पत्रकार कमलेश कुमार अवधिया साइबर ठगी का शिकार हो गए। अपराधियों ने फर्जी तरीके से %ई-सिम% एक्टिवेट कर उनके दो अलग-अलग बैंक खातों से कुल 1 लाख 50 हजार रुपये पार कर दिए।

### ऐसे हुई ठगी की शुरुआत

पीड़ित कमलेश अवधिया ने बताया कि घटना की शुरुआत 6 जनवरी की रात करीब 9:00 बजे हुई। उनके मोबाइल पर एक एसएमएस आया, जिसमें ई-सिम बनाने की रिक्वेस्ट भेजी जाने की सूचना थी। चूँकि उन्होंने ऐसी कोई रिक्वेस्ट नहीं भेजी थी, उन्होंने इसे सामान्य समझा। लेकिन अगली सुबह उनके मोबाइल का नेटवर्क पूरी तरह गायब हो गया। जब उन्होंने संबंधित कंपनी के ऑपरेटर से संपर्क किया, तो पता चला कि उनकी फिजिकल सिम बंद कर दी गई है और उनके नंबर पर एक ई-सिम एक्टिवेट हो चुकी है। 8 जनवरी को जब कमलेश जी ने



सेवा में
श्रीमान थाना प्रभारी महोदय जी
साईखेडा जिला नरसिंहपुर (म0प्र)
विषय –अनजान व्यक्ति द्वारा 138992रू धोखाधडी होने कि सूचना देने बावत् ।
महोदय जी
निवेदन है मै कमलेश कुमार अवाधिया पिता हरिशंकर अवादिया ग्राम तह. साईखेडा साईखेडा जिला नरसिंहपुर (म0प्र) निवासी हूं। यह कि आज दिनांक 08.01.2026 को लगभग 9 बजे से 12 बजे के बीच मेरा मोबाईल हैंक कर और फर्जी तरीके से सिम बना कर मेरे Mahindra Kotak bank Gadarwara Branch Account no- 6745161105 -138992 रू और State Bank Sainkheda Branch no – 11237942850 -40998 रू कि धोखाधडी कर दी ।
अतः महोदय जी निवेदन है कि अवेदन पर कर्यवाही करने कि कृपा करे ।
प्रार्थी
कमलेश कुमार अवादिया
ग्राम साईखेडा
मो 8827972294

एटीएम जाकर अपने बैंक खातों का स्टेटमेंट निकाला, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। शातिर अपराधियों ने 7 जनवरी की सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच उनके महिंद्रा कोटक बैंक के खाते से ड़1,45,000 फर्जी तरीके से अमेजॉन वॉलेट में ट्रांसफर कर लिए थे। इसके अलावा, उनके स्टेट बैंक के खाते से ड़5,000 किसी मुकेश दास नामक व्यक्ति के खाते में भेजे गए। ठगों ने खाते की जांच करने के लिए सबसे पहले रंजीत सिंह के नाम पर ड़1 का डेबिट ट्रांजैक्शन भी किया था।

### पत्रकार की अपील

ठगी का शिकार होने के बाद कमलेश अवधिया ने क्षेत्र के नागरिकों से सचेत रहने की अपील की है। उन्होंने कहा, अपनी मेहनत की कमाई को बचाने के लिए कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को अपना फोन न दें।

हादसा | अष्टांग चिकित्सालय के पास हादसा

# कार पर पलटी गन्ने से भरी ट्रॉली

**नवभारत/ नरसिंहपुर ।** जिला मुख्यालय के समीप अष्टांग चिकित्सालय के पास आज एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। गन्ने से लबालब भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पास से गुजर रही एक कार पर जा पलटी। इस भीषण दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि चमत्कारिक रूप से कार सवार व्यक्ति की जान बच गई। स्थानीय लोगों की सूझबूझ से एक बड़ा अनर्थ होने से रुक गया।



### पहिया पंक्चर होने से बिगड़ा संतुलन

प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार, गन्ने से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली शुगर मिल की ओर जा रही थी। अष्टांग चिकित्सालय के मोड़ के पास अचानक ट्रॉली का एक चक्का पंक्चर हो गया। भार अधिक होने के कारण चालक संतुलन नहीं बना सका और देखते ही देखते पूरी ट्रॉली बगल में चल रही कार पर धराशायी हो गई। ट्रॉली गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई।

### स्थानीय जनों ने दिखाई बहादुरी

हादसे के वक्त कार में एक व्यक्ति सवार था, जो मलबे और ट्रॉली के नीचे दब गया था। घटना होते ही आस-पास के लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़े। कार के दरवाजे पूरी तरह पिचक चुके थे, जिसके कारण व्यक्ति अंदर ही फंस गया था। स्थानीय युवाओं ने तत्परता दिखाते हुए कार के कांच तोड़े और कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि कार सवार को कोई गंभीर चोट नहीं आई है।

### ओवरलोडिंग पर उठ रहे सवाल

इस घटना के बाद एक बार फिर सड़कों पर दौड़ रही ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। जिले में गन्ने के सीजन के दौरान सड़कों पर भारी मात्रा में ट्रॉलियों का आवागमन रहता है। अक्सर इन ट्रॉलियों में क्षमता से अधिक गन्ना भरा होता है और कई ट्रॉलियों की हालत खस्ताहाल होती है, जो आए दिन हादसों का सबब बनती हैं। सूचना- घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया, जिसके बाद क्रेन की मदद से ट्रॉली को हटाने और यातायात बहाल करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

# मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, गोटेगांव में चोरों के हौसले बुलंद

**नवभारत/ गोटेगांव।** विगत दिवस थाना गोटेगांव नगर में चोरी की बढ़ती वारदातों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभी तीन दिन पहले ही नगर की दुकानों के ताले टूटने की घटना से लोग संभल भी नहीं पाए थे कि अब अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों की सेंधमारी कर दी। चोरी की यह ताजी वारदात व्यस्ततम किसानी मोहल्ले में घटित हुई है, जिससे पूरे क्षेत्र के नागरिक दहशत में हैं। नागरिकों का यह भी कहना है की संपूर्ण क्षेत्र में लगातार नशे का अवैध कारोबार पर अंकुश न लगने के कारण यह लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही है! वहीं पीड़ित मनोज नाथ ने थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने घर में ताला लगाकर किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। घटना की जानकारी तब लगी जब पड़ोसियों ने मनोज को फोन कर



बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ पड़ा है। पीड़ित ने घर पहुंचकर देखा तो अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था और पेटी में रखे कीमती जेवर गायब थे।

शिकायत के अनुसार, चोर घर से एक जोड़ी चांदी की पायल, सोने का मंगलसूत्र और कान के टॉप्स ले उड़े हैं। इस चोरी से पीड़ित को 40 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में असुरक्षा का भाव है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## सांगई में हुए सामूहिक सूर्य-नमस्कार के विविध आयोजन

**गाडरवारा।** गत दिवस ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया गया।

## एक नजर में




### खुशी और उनकी सहेलियों ने नृत्य से बिखेरी छटा, दादा-दादी के सम्मान में थिरके नन्हे कदम

**नवभारत/गोटेगांव।** नगर के संस्कार भारती कैलाश नाथ तिवारी (के.एन.टी.) पब्लिक स्कूल में ग्रैंडफादर डे का भावपूर्ण आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के दादा-दादियों का आत्मीय सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा सातवीं की होनहार छात्रा और पूर्व पार्षद जितेंद्र चांदोलिया की सुपुत्री खुशी चांदोलिया ने अपनी सहेलियों गायत्री, समृद्धि, नमामि, सिद्धि और सुरभि के साथ मिलकर अत्यंत मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। बेटियों की इस कलात्मक प्रस्तुति ने उपस्थित सभी अतिथियों और परिजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और मां नर्मदा से उनके सुखद जीवन की मंगलकामना की। इस सफल आयोजन के लिए संस्था की संचालिका श्रेया उपाध्याय, प्राचार्य और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी और अभिभावक उपस्थित रहे।

### गुरुकुल स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार, कायस्थ समाज ने मनाई विवेकानंद जयंती

**नवभारत/गोटेगांव।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरुकुल इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती करुणा दुबे ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है, लेकिन बड़ते रोगों से बचाव के लिए योग और सूर्य नमस्कार अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार से आंतरिक ऊर्जा का संचार होता है और मन-मस्तिष्क स्वस्थ बनता है। प्राचार्या ने बच्चों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। आयोजन को सफल बनाने में गुरुकुल परिवार के समस्त शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

### एसआईआर के कार्य हेतु तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

**नवभारत/करेली।** एस आई आर के कार्य हेतु तीन दिवसीय शिविर का आयोजन करेली तीन दिवसीय शिविर में मतदाता सूची में 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवक युवतियों का नाम जोड़ा जा रहा है एवं शादीशुदा होकर आई नई बहू का नाम जुड़वा सकती हैं एवं नाम पता संशोधन कार्य के लिए वार्ड के बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। सभी कार्य के लिए बूथों पर तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बीएलओ द्वारा दिए नए नाम जोड़ने के लिए घर-घर जाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। अंबेडकर वार्ड राम वार्ड राजेंद्र वार्ड गणेश वार्ड के बूथ पर शंकर ठाकुर बृजेश जाटव योगेंद्र प्रताप रघुवंशी गौतम रजक रंजना ठाकुर द्वारा कार्य किया जा रहे हैं हनुमान वार्ड के बूथ पर राजेश यादव कमल राय श्रीमती सुभद्रा चढ़ार निरंजन वार्ड में किरण नेमा मीना होंगले स्कूक्रसे संबंधित फार्म भरे जा रहे हैं।

## कायस्थ समाज ने किया स्वामी विवेकानंद को नमन

**नवभारत/ गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय किसानी मोहल्ला स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में कायस्थ समाज द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान दीपाली श्रीवास्तव और पुष्पा श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि विवेकानंद जी नवभारत के शिल्पकार थे, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और युवा शक्ति को विश्व मंच पर गौरवान्वित किया। उन्होंने युवाओं को उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको के संदेश को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में यह बताया गया कि राष्ट्र निर्माण का आधार चरित्रवान युवा ही होते हैं। इस अवसर पर स्नेह लता श्रीवास्तव, नंदिनी जोहरी, शिवानी, रोहित, अनिल, दिनेश, मनोज, चांदनी खरे और अनामिका श्रीवास्तव सहित नन्हे-मुन्ने बच्चे और समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




## शंकराचार्य महाविद्यालय में रन फॉर स्वदेशी की धूम, योग शिविर से युवाओं ने दी श्रद्धांजलि

**नवभारत/गोटेगांव।** श्री जगद्गुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती ,राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं रासेयो जिला संगठक डॉ. दिलीप पाठक के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक योग, ध्यान, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार के साथ हुआ। इसके पश्चात कार्यशाला में स्वामी विवेकानंद एवं ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अतिथियों का स्वागत। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक प्रतीक दुबे ने राष्ट्र निर्माण में स्वामी विवेकानंद के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्रीड़ा अधिकारी प्रो. कमल पटेल ने युवाओं को स्वामी जी के विचारों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। आयोजन के दूसरे चरण में रन फॉर स्वदेशी दौड़ आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर भारत, कौशल विकास और अनुशासन के प्रति जागरूक करना था।

# गाडरवारा में क्रिकेट का महाकुंभ आज से

**गाडरवारा।** खेल जगत के उत्साह और रोमांच के साथ गाडरवारा के ऐतिहासिक रुद्र मैदान (पुराना कॉलेज ग्राउंड) पर आज, 14 जनवरी से अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चैंपियन ट्रॉफी 2026 का शंखनाद होने जा रहा है। लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित इस विधायक कप में देश की नामी गिरामी टीमें अपने खेल का कौशल दिखाएंगी।



### विजेताओं पर होगी धनवर्षा

प्रतियोगिता के पुरस्कार इस आयोजन की भव्यता को दर्शा रहे हैं। टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार 2 लाख नगद एवं आकर्षक ट्रॉफी स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा प्रदान की जाएगी। द्वितीय पुरस्कार ड़1 लाख नगद एवं ट्रॉफी समाजसेवी योगेन्द्र कुमार एवं दिनेश कुमार मालपानी की ओर से दिया जाएगा। खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन को सराहने के लिए मैन ऑफ द सीरीज हेतु 21,000 की राशि भाजपा मंडल अध्यक्ष चन्द्रकांत शर्मा द्वारा और प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी व 2100 की नगद राशि अन्नू शर्मा (ज्वारा) द्वारा प्रदान की जाएगी। आज होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ राजनेताओं का जमावड़ा लगेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पं. नरेश पाठक, साधना स्थापक एवं पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता पटैल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता न.पा. अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा, चन्द्रकांत शर्मा और राव संदीप सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला पंचायत सदस्य रिचा स्थापक, डॉ. योगेश कौरव, अंजू शुक्ला सहित भाजपा के विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, पूर्व नगरपालिका अध्यक्षगण और वरिष्ठ समाजसेवी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। आयोजन में मार्गदर्शक एवं विशेष सहयोगी के रूप में राव अनुज प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### देशभर की दिग्गज टीमें लेंगी हिस्सा

लाईन्स क्रिकेट क्लब ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर का रोमांच देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट में चंडीगढ़, दिल्ली, मालेगांव, मथुरा, इलाहाबाद, सिवनी बानापुरा, नागपुर और जबलपुर जैसी प्रतिष्ठित टीमें शिरकत कर रही हैं। कड़ाके की ठंड के बीच रुद्र मैदान की पिच पर रनों की बरसात देखने के लिए खेल प्रेमी बेहद उत्साहित हैं।

# सांदीपनि विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विद्यार्थियों ने दिखाए योग के कौशल, नगर के गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित

**नवभारत/साईंखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सांदीपनि विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अदम्य उत्साह और अनुशासन का परिचय देते हुए योग की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया।




### योग और अनुशासन का संगम

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के योग प्रशिक्षक श्रीमती श्वेता कौरव, खेल शिक्षक आदित्य द्विवेदी एवं योग शिक्षक अमन शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार के बारह आसनों का अभ्यास किया। मंत्रोच्चार के बीच विद्यार्थियों की लयबद्धता देखते ही बन रही थी।

### अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह

इस गरिमामय आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि कीरत सिंह पटेल, ओमप्रकाश पटेल और दिग्विजय सिंह राजपूत विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक है। उन्होंने विद्यालय द्वारा संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ शारीरिक विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की।

### प्राचार्य का प्रेरणादायी उद्बोधन

संस्था के प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, स्वामी जी युवाओं के शाश्वत प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका संदेश उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए आज भी प्रासंगिक है।

### इनकी रही उपस्थिति

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि सूर्य नमस्कार और प्राणायाम को केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित न रखकर अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त नागरिक बन सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान मुख्य रूप से मोनिका राय, भैयाराम, विष्णु , सोमवती ठाकुर, ब्रजबाला मालवीय, सुधीर प्रजापति, भानुप्रताप राजपूत, सरदार सिंह राजपूत, भाई जी चौधरी, हरिगोविंद पटेल, दुर्गेश शुक्ला, प्रियंका अग्रवाल, पूनम बसेडिया, पुष्पा सिलावट, अखिलेश मेहरा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# कायाकल्प 2 .0 के तहत महादेव वार्ड में डामल रोड निर्माण का भूमि पूजन

**नवभारत/करेली।** नगर पालिका परिषद के शहर में निरंतर निर्माण कार्यों की कायाकल्प 2.0 के अंतर्गत महादेव वार्ड में डॉमल रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार के नेतृत्व में शहर के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुराने हाईवे से महात्मा गांधी महाविद्यालय करेली तक 200 मीटर लंबी डॉमल रोड का निर्माण किया जाएगा, करीब 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सडक का भूमि पूजन कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय से चली आ रही धूल और बरसात में कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही आवागमन सुगम होने से नागरिकों के स्वास्थ्य और सुविधा में भी सुधार होगा। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर महादेव वार्ड पार्षद राजकुमारी सोनी, विधायक प्रतिनिधि ब्रजेश माते,, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।